राष्ट्रीय औद्योगिक कोरिडोर विकास एवं कार्यान्वयन न्यास
(एनआईसीडीआईटी)

वार्षिक रिपोर्ट
और
अंकेक्षित वित्तीय विवरण
(हिंदी तथा अंग्रेज़ी)

वित्तीय वर्ष 2017-18

NATIONAL INDUSTRIAL CORRIDOR DEVELOPMENT AND IMPLEMENTATION TRUST

(NICDIT)

INDEX

FINANCIAL YEAR 2017-18

S. No.	Particulars	Page No.
	Hindi	
1	Performa to be attached to O.M. forwarding papaers to be laid on the table of Rajya Sabha	1
2	Statement Explaining Reasons for Delay in Laying of Annual Report and Annual Accounts on the Table of both the Houses of Parliament	2
3	Annual Report	3 - 24
4	Separate Audit Report issued by the Comptroller and Auditor General of India certifying the Annual Account for the financial year 2017-18	25 - 29
5	Certified Annual Accounts for the financial year 2017-18	30 - 41
	English	
1	Performa to be attached to O.M. forwarding papers to be laid on the table of Rajya Sabha	42
2	Statement Explaining Reasons for Delay in Laying of Annual Report and Annual Accounts on the Table of both the Houses of Parliament	43
3	Annual Report	44 - 60
4	Separate Audit Report issued by the Comptroller and Auditor General of India certifying the Annual Account for the financial year 2017-18	61 - 65
5	Certified Annual Accounts for the financial year 2017-18	66 - 77

राज्य सभा के पटल पर रखे जाने के लिए भेजे जाने वाले दस्तावेजों के का.ज्ञा. के साथ संलग्न किया जाने वाला प्रपत्र

1	अधिसूचना/दस्तावेज की विषय वस्तु का संक्षिप्त उद्देश्यः	:	राष्ट्रीय औद्योगिक कोरिडोर विकास एवं कार्यान्वयन न्यास (पूर्व डीएमआईसी परियोजना कार्यान्वयन ट्रस्ट फंड) भारत सरकार का एक स्वायत्त संगठन है। इस संबंध में वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षित वार्षिक लेखा राज्य सभा के पटल पर रखी जानी अपेक्षित है।
2	सांविधिक अथवा अन्य अपेक्षाएं जिनके अंतरर्गत दस्तावेज सभा पटल पर रखी जानी है (न कि सांविधिक प्रावधान जिनके अंतर्गत इन्हें जारी किया गया है/बनाया गया है।	:	जीएफआर, 2017 का नियम 242
	(i) केंद्र सरकार की अधिसूचना के मामले में अधिनियम और धारा का नाम जिसमें पटल पर रखे जाने का प्रावधान है, को स्पष्ट रूप से लिखा जाएः	:	-
	(ii) राज्य सरकार के मामले में अधिसूचना,राज्य के अधिनियम का नाम पुनर्भाषित किया जाएः	:	-
3	क्या राजपत्र में प्रकाशन किया गया है, यदि हां,	:	-
	(i) राजपत्र मे प्रकाशेत आधिसूचना का जीएसआर./ एसओ/एसआरओ. संख्याः		
	(ii) राजपत्र की तारीख,भाग और धारा:		
4	क्या विषय सभा द्वारा संशोधित की जानी है अथवा नहीः	:	नहीं
5	मुख्य अधिनियम में निर्धारित अवधि जबतक इसे प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित हैः	:	संसद सत्र- 2018 के दौरान
6	क्या अधिसूचना/दस्तावेज निर्धारित समय के अंदर प्रस्तुत की जा रही है,यदि नहीं तो क्या विलंब के बारे में कोई विवरण संलग्न किया गया है ?	:	नहीं, संसद के पटल पर वार्षिक लेखाओं को प्रस्तुत किए जाने में हुए विलंब के कारणों को स्पष्ट करने वाला विवरण पत्र संलग्न है।
7	क्या इसे राज्य सभा के पटल पर इससे पहले भी प्रस्तुत किया गया था यदि हां, तो किस तारीख को?	:	नहीं
8	क्या अंग्रेजी और हिंदी रूपांतर साथ-साथ प्रस्तुत किए जा रहें? यदि नहीं,तो अंग्रेजी रूपांतर प्रस्तुत किए जाने की तारीखः	:	हाँ
9	तारीख जब दस्तावेज को सभा के पटल पर रखे जाने का प्रस्ताव हैः	:	संसद सत्र- 2019 के दौरान

नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट

(पूर्ववर्ती डीएमआईसी प्रोजेक्ट इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट फंड)

संसद के दोनों सदनों के सम्मुख प्रस्तुत होने वाले 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक रिपोर्ट एवं वार्षिक लेखों को प्रस्तुत करने में देरी के कारणों को स्पष्ट करने वाला विवरण:

डीएमआईसी परियोजना कार्यान्वयन ट्रस्ट फंड की स्थापना ट्रस्ट डीड के निष्पादन के (न्यास विलेख) 27 माध्यम से सितंबर 2012 ,को की गई थी। दिसंबर 2016 को भारत सरकार ने डीएमआईसी परियोजना कार्यान्वयन ट्रस्ट फंड के जनादेश के विस्तार और सभी औद्योगिक कॉरिडोरों, जिसे भारत सरकार द्वारा विकसित किया जा रहा है, के एकीकृत विकास के लिए इसके पुन: पदनाम नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) के लिए अपनी मंजूरी दी। ट्रस्ट डीड की शर्तों के अनुसार, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएंडएजी) द्वारा एनआईसीडीआईटी के खातों की लेखा परीक्षा की जाएगी।

भारत के राष्ट्रपति के दिनांक 16 मार्च, 2018 के पत्र सं. 1(5)-बी(आरएंडसी)/2018 द्वारा आगे की पांच वर्ष की अवधि 2017-18 से 2021-22 तक के लिए भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक कार्यालय को एनआईसीडीआईटी के खातों की लेखा परीक्षा सौंपी गई।

लेखा परीक्षा शुरू करने के लिए दिनांक 11 अक्टूबर, 2018 के परिपत्र संकल्प द्वारा बोर्ड ट्रस्टियों के अनुमोदन के पश्चात दिनांक 11 अक्टूबर, 2018 के पत्र द्वारा बोर्ड ट्रस्ट्रियों द्वारा वार्षिक लेखों को अनुमोदित करने वाले संकल्प की प्रति सहित वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए एनआईसीडीआईटी के अनुमोदित वार्षिक लेखे सीएंडएजी कार्यालय भेजे गए।

24.10.2018 से 02.11.2018 की अवधि के दौरान सीएंडएजी कार्यालय द्वारा नियुक्त लेखा परीक्षा टीम द्वारा लेखा परीक्षा की गई थी। लेखा परीक्षा के दौरान लेखा परीक्षा टीम को आवश्यक स्पष्टीकरण उपलब्ध कराए गए थे और यह 2 नवंबर, 2018 को पूरी हई। 31 मार्च, 2018 को समाप्त हुए वर्ष के लिए एनआईसीडीआईटी के वार्षिक खातों पर पृथक लेखापरीक्षा रिपोर्ट को पत्र सं पीडीसीए-1/ एनडी/ सीएचक्यू/29-62 / 18-19 / 1226 दिनांक 29 जनवरी, 2019 सीएंडएजी के कार्यालय से जारी कर दिया गया है।

सीएंडएजी कार्यालय द्वारा एक बार जारी किए गए प्रमाणित वार्षिक लेखों के साथ पृथक लेखा परीक्षा रिपोर्ट संसद के पटल पर प्रस्तुत करने के लिए इसे उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के पास भेजने से पूर्व न्यासी बोर्ड ट्रस्टियों के सम्मुख रखे जाने की आवश्यकता है। सीएंडएजी द्वारा जारी की गई अलग पृथक लेखापरीक्षा रिपोर्ट को बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज द्वारा परिपत्र संकल्प दिनांक 12 जून, 2019 के लिए नोट किया गया था।

उपरोक्त देरी के कारण, 31 मार्च, 2018 को समाप्त हुए वर्ष के लिए एनआईसीडीआईटी के प्रमाणित वार्षिक खातों के साथ पृथक लेखापरीक्षा रिपोर्ट को शीतकालीन सत्र 2018 के दौरान प्रस्तुत नहीं किया जा सका।

नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट
(एनआईसीडीआईटी)

वार्षिक रिपोर्ट
(वित्तीय वर्ष 2017-18)

15 सितंबर, 2011 को भारत सरकार के अनुमोदन के अनुसार ट्रस्ट डीड के निष्पादन द्वारा 27 सितंबर, 2012 को डीएमआईसी प्रोजेक्ट इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट फंड को निगमित किया गया था।

22 दिसंबर, 2016 के आदेश द्वारा भारत सरकार ने डीएमआईसी प्रोजेक्ट इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट फंड के मैंडेट और दायरे के विस्तार को अनुमोदन दिया और इसे भारत सरकार द्वारा विकसित किए जा रहे सभी इंडस्ट्रियल गलियारों के एकीकृत विकास हेतु नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) के रूप में पुन:नामित किया गया। एनआईसीडीआईटी उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करेगा। सरकार ने भी निम्नलिखित संरचना के साथ एनआईसीडीआईटी के टस्ट्री बोर्ड के गठन को अनुमोदित किया है:

1. सचिव, डीपीआईआईटी, अध्यक्ष;
2. सचिव, व्यय विभाग, सदस्य;
3. सचिव, आर्थिक मामले विभाग, सदस्य;
4. सचिव, सड़क यातायात एवं राजमार्ग, सदस्य;
5. सचिव, जहाजरानी, सदस्य;
6. अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड, सदस्य;
7. सीईओ, नीति आयोग, सदस्य; और
8. सीईओ, एनआईसीडीआईटी, सदस्य सचिव

एनआईसीडीआईटी के कार्य और भूमिका निम्नानुसार है:

क) औद्योगिक गलियारों के विकास हेतु एक सक्षम संस्थानिक, वित्तपोषण और परिचालनिक ढांचा स्थापित करना;

ख) नए औद्योगिक गलियारों, अंत:संपर्क बिंदुओं (नोड), शीघ्र शुरू होने वाली परियोजनाओं

और स्टैंड एलोन प्रोजेक्टों के लिए विभिन्न राज्य सरकारों/ संघ शासित क्षेत्रों से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार करना;

ग) सभी परियोजना प्रस्तावों का मूल्यांकन करना और विशेष प्रयोज्य योजना (एसपीवी) को इक्विटी अथवा ऋण को स्वीकृति देना और वित्तीय शक्तियों के अनुमोदित प्रत्ययोजन के अनुसार परियोजना के लिए अनुदान;

घ) नॉलेज पार्टनर(रों), विशेष प्रयोज्य योजना(ओं) और राज्य सरकारों द्वारा औद्योगिक गलियारों में परियोजना विकास गतिविधियों को समर्थन देना और राज्यों को उद्योगों हेतु प्रमुख निवेशकों की पहचान में सहायता करना;

ङ) भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए साधनों का उपयोग कर आवश्यकतानुसार ऋण/इक्विटी से धन जुटाना;

च) पिछले अनुच्छों के तौर-तरीकों को कार्यान्वित करने हेतु समय-समय पर जैसी आवशयक हो, राज्य सरकारों/परियोजना आधारित विशेष प्रयोज्य योजनाओं/ सावर्जनिक/ निजी संगठनों के साथ करार करना;

छ) विशेषतौर पर रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण शीघ्र शुरू होने वाली परियोजनाओं की पहचान करना जिन्हें पीपीपी मॉडल में विकसित किया जा सकता है, ऐसी परियोजनाओं के लिए राज्यों के मौजूदा तंत्र द्वारा भूमि अधिग्रहण हेतु धन उपलब्ध कराना। बहरहाल, शहर/नोड विकास के लिए भूमि आवश्यक रूप से राज्य की इक्विटी होगी और उनके द्वारा अधिगृहीत की जाएगी और पूर्ण भुगतान किया जाएगा।

एनआईसीडीआईटी की संस्थानिक रूपरेखा निम्नानुसार है:

क. एनआईसीडीआईटी का बोर्ड अन्य बातों के साथ-साथ भूमि अधिग्रहण की प्रगति और प्रत्येक औद्योगिक शहर के कार्य के वास्तविक निष्पादन को ध्यान में रखते हुए, एसपीवी के लिए ऋण और इक्विटी के इष्टतम मिश्रण, वित्तीय साधनों के विकल्प, धन की मात्रा, निबंधन एवं शर्तें और भारत सरकार से प्राप्त अनुदान के वितरण कार्यक्रम को अनुमोदन एवं स्वीकृति देगा। इसी प्रकार, परियोजना विकास के लिए नॉलेज पार्टनर(रों) को अनुदान कार्य की प्रगति के अनुसार चरणों में दिया जाएगा।

ख. एनआईसीडीआईटी वित्तीय संस्थानों से दीर्घावधि वित्तपोषण जुटाने और औद्योगिक गलियारों के विकास को समर्थन हेतु यथोचित अनुमोदन प्राप्त कर, कर मुक्त बांडों, पूंजी लाभ बांडों, साख संवर्धन आदि के लिए भारत सरकार द्वारा उपलब्ध संसाधनों का दोहन करेगा।

ग. एनआईसीडीआईटी में भारत सरकार का योगदान वापिस आने वाले कॉर्पस के रूप में होगा। भारत सरकार द्वारा एसपीवी में निवेश एनआईसीडीआईटी द्वारा किया जाएगा ताकि भारत सरकार द्वारा दिए गए अनुदानों का उपयोग कर एसपीवी द्वारा ऋण सेवाओं के भुगतान और अभी तक डीएमआईसीडीसी द्वारा तैयार विकसित सहित एसपीवी के इक्विटी विनिवेश द्वारा उत्पन्न राशि पुन: कार्पस में शामिल हो सके, यह एनआईसीडीआईटी को भविष्य में इस प्रकार की और औद्योगिक शहरों के विकास करने में सक्षम बनाता है। केन्द्रीय/शहरी स्तर के एसपीवी भारत सरकार/राज्य सरकार की उचित गारंटियों से साख संवर्धन द्वारा दीर्घावधि ऋण वित्तपोषण कर सकते हैं ताकि यह बीमा और पेंशन निधियों द्वारा निवेश के लिए व्यवहार्य हो। केंद्रीय/शहरी स्तर के एसपीवी को उपयोगकर्ता हितैषी वित्तपोषण, मूल्य नवप्रवर्तन, और विभिन्न पीपीपी प्रबंधों द्वारा सुपुर्दगी जैसे नवीन अवसंरचना वित्तपोषण और सुपुर्दगी साधनों को उपयोग में लाने की आवश्यकता होगी। ऋण अथवा किसी भी अन्य रूप में जुटाया गया धन राज्य का योगदान माना जाएगा।

घ. पीपीपी परियोजनाओं के वित्तीय समर्थन हेतु उनको रूप देने, मूल्यांकन और अनुमोदन के लिए केंद्रीय क्षेत्र अवसंरचना परियोजना में प्रचलित दिशा-निदेशों का पालन किया जाएगा। इस प्रकार की परियोजनाएं प्रचलित नीति के अनुसार वॉयबिलिटी गैप फंड (वीजीएफ) की पात्र होंगी। औद्योगिक गलियारा परियोजनाओं के लिए सचिव, डीपीआईआईटी और सदस्य-सचिव, एनआईसीडीआईटी सार्वजनिक निजी भागीदारी अनुमोदन समिति (पीपीपीएसी) के सदस्य होंगे। मास्टर प्लान/विकास योजनाओं के अनुरूप समन्वित विकास सुनिश्चित करने के संबंध में औद्योगिक गलियारों में वीजीएफ के लिए सभी प्रस्ताव एनआईसीडीआईटी द्वारा जांचे और अनुशंसित किए जाएंगे।

ङ. प्रत्येक औद्योगिक शहर/नोड को भारत सरकार द्वारा औसतन 2500 करोड़ रुपए का समर्थन होगा जो अधिकतम 3000 करोड़ रुपए तक का होगा जो भौगोलिक स्थिति, आकार, राज्य का योगदान और विकासत्मक आवश्यकता पर निर्भर करेगा। प्रत्येक शहर/नोड के

लिए वास्तविक आवश्यकता भूमि की लागत और अवसंरचना विकास और भूमि अधिग्रहण/भूमि एकत्रीकरण हेतु वित्तीय संसाधनों को जुटाने के लिए संबंधित राज्य सरकारों की योग्यता पर अलग-अलग हो सकती है। राज्य सरकार का योगदान भूमि अथवा द्विपक्षीय/बहुपक्षीय वित्तपोषण सहित किसी भी स्रोत से जुटाए गए अन्य धन द्वारा होगा। हालांकि गैर-पीपीपी परियोजनाओं के लिए प्रति शहर कुल आवश्यकता बहुत अधिक और शहर दर शहर, अलग-अलग हो सकती है, ऊपर उल्लेख की गई राशि इन औद्योगिक शहरों/नोडों के विकास के प्रथम चरण को सक्रिय करने के लिए भारत सरकार से मांगी जा रही है। बाद में, धन आंतरिक मौद्रिकीकरण द्वारा जुटाया जाएगा।

शक्तियों का प्रत्यायोजन

एनआईसीडीआईटी अपने सामने रखे गए गैर-पीपीपी परियोजनाओं के सभी प्रस्तावों का मूल्यांकन करेगा। एनआईसीडीआईटी बोर्ड के मूल्यांकन के आधार पर, यह अभी तक 300 करोड़ रुपए की राशि वाली परियोजनाओं को अनुमोदित करेगा। 300 करोड़ रुपए से अधिक लेकिन 500 करोड़ रुपए तक वाली परियोजनाओं के मामले में प्रभारी मंत्री का अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा। 500 करोड़ रुपए से अधिक लेकिन 1000 करोड़ रुपए तक वाले प्रस्तावों को वाणिज्य मंत्री और वित्त मंत्री द्वारा अनुमोदित किया जाएगा। 1000 करोड़ रुपए से अधिक वाले सभी प्रस्तावों को अनुमोदन प्राप्त करने के लिए आर्थिक मामलों संबंधी मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) को प्रस्तुत किया जाएगा।

वर्ष 2017-18 के दौरान, ट्रस्टी बोर्ड ने 23 अगस्त, 2017 और 6 मार्च, 2018 बैठक आयोजित की।

डीएमआईसी नोड्स की योजना और निरंतरता के संबंध में अपनाई गई विशेषताएं:

विकासाधीन डीएमआईसी नोड्स एक ऐसा स्थायी दृष्टिकोण अपनाते है जो मुक्त हरित क्षेत्र, सार्वजनिक पारगमन और आवागमन उन्मुखी विकास (टीओडी), अक्षय उर्जा को प्रोत्साहन, पारंपरिक उर्जा के प्रयोग को न्यूनतम करना, जल संरक्षण एवं पुन: प्रयोग में लाने को प्रोत्साहित करना, और ठोस परिशिष्ट सामग्री एकत्र करना और पुन: उपयोग में लाने की योजना सहित लो कार्बन सिटी (एलसीसी) विकसित करने में सहायता के लिए आधारभूत कार्य करते हैं। प्रमुख अवसंरचना की मुख्य विशेषताएं निम्नानुसार है जो सभी नोड्स में अपनाई गयी है:

क) सभी सुविधा संबंधी कार्य भूमिगत किए गए हैं जिसके परिणामस्वरूप भूमि का बेहतर उपयोग होता है। वे सभी प्रमुख मार्गों से दूर है ताकि अनुरक्षण और अन्य कार्यों के दौरान मुख्य मार्ग प्रभावित न हो।

ख) बस स्टैंड को 400 मीटर की दूरी पर बनाए जाने की योजना है। पहुंच बढ़ाने के लिए बेहतर अंतिम संपर्कता विकल्प उपलब्ध कराये जायेंगे। यातायात पर प्रभाव न्यूनतम करने के लिए बस बे/बस स्टॉप का प्रावधान किया गया है।

ग) अवशिष्ट जल को एसटीपी और सीईटीपी द्वारा एकत्रित एवं पुन प्रयोग हेतु तैयार किया जाएगा और इसे गैर-पेयजल उद्देश्य से शहर में पुन: वितरित किया जाएगा। किसी भी जल अधिकता और कुशलता बनाए रखने के लिए स्काडा प्रणाली का उपयोग किया जाएगा। स्थायी हल के लिए जीरो लिक्विड डिस्चार्ज (जेएलडी) को अपनाया जाएगा। औद्योगिक और घरेलू लाइनों के पृथक-पृथक सीवर लाइनों को प्रदान किया जायेगा।

घ) शहरी स्तर पर रैन वाटर हार्वेस्टिंग द्वारा जल संरक्षण अपनाया गया है। उदाहरण के लिए धोलेरा में 2500 मिलियन लिटर से अधिक की क्षमता वाला 100 मीटर चौड़े चैनल का उपयोग वाटर हार्वेस्टिंग, पार्कों की सिंचाई के साथ-साथ गैर-पेयजल उद्देश्य आदि के लिए किया जाएगा।

ङ) ग्रीन फील्ड सिटी के लिए संपूर्ण अवसंरचना वास्तविक समय पर सूचना तैयार करने और एक कुशलतापूर्ण तरीके से परिचालित एवं प्रबंधित करने हेतु स्काडा, सेंसरों और ऑटोमेशन के साथ तैयार करने की योजना है। यह इंटेलीजेंट परिवहन प्रबंधन, ई-गवर्नेंस, डिजीटल हेल्थ एवं एजुकेशन, इमरजंसी और सिटी ऑपरेशन को सुविधाजनक बनाएगा।

च) खुले हरित क्षेत्रों के लिए अनुक्रम के कोटिकरण द्वारा हरित क्षेत्रों की योजना निम्नानुसार है:

i. पांच मिनट पैदल की दूरी पर नजदीकी पार्क;
ii. दस मिनट पैदल की दूरी पर सामुदायिक पार्क
iii. शहर के भीतर नहर के साथ-साथ पार्क;

छ) सार्वजनिक परिवहन माध्यम और गैर-मोटरीकृत माध्यम के साथ सुरक्षित और स्थायी मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम की योजना।

ज) सामाजिक अवसंरचना सहित क्लस्टरों में पार्किंग सुविधाओं के साथ प्रमुख ट्रांजिट इंटरचेंजों पर इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशनों की योजना।

झ) सभी झीलों को संवारा जा रहा है और जल सोखने की क्षमता बढ़ाने के लिए अतिरिक्त नहरों की भी योजना है और यह निवासियों के लिए मनोरंजन स्थल भी उपलब्ध कराता है।

ञ) घर से पैदल आने-जाने और प्रदूषण कम करने के लिए चौड़े फुटपाथ और साइकिल ट्रैक।

ट) सभी प्लॉटों और परिसंपत्तियों पर नजर रखने के लिए एक व्यापक वेब आधारित जीआईएस ऐप्लिकेशन। भूमि के संबंध में सूचना प्राप्त करने, आवेदन करने और आबंटन हेतु अपने आवेदन की स्थिति देखने के लिए व्यापक ऑनलाइन लैंड मैनेजमेंट सिस्टम।

व्यापार और परिचालन की समग्र समीक्षा

परियोजनाओं की प्रगति की मुख्य विशेषताओं की झलक निम्नानुसार है:

1. डीएमआईसी परियोजना के मामले में, प्रमुख अवसंरचना संबंधित गतिविधियों का निर्माण निम्नलिखित चार स्थानों पर पूरे जोर पर है:

    - गुजरात में धोलेर स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन के लिए एक्टीवेशन क्षेत्र माप 22.5 वर्ग किमी;
    - महाराष्ट्र में शेन्द्रा बिडकिन इंडस्ट्रियल एरिया का चरण-1 माप 18.55 किमी
    - ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में एकीकृत इंडस्ट्रियल परियोजना माप 747.5 एकड़;
    - उज्जैन, मध्य प्रदेश में एकीकृत इंडस्ट्रियल परियोजना माप लगभग 1100 एकड़

2. भूमि आबंटन नीतियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। गुजरात के धोलेरा स्पेशन इन्वेस्टमेंट रीजन में 2 प्लॉट, उत्तर प्रदेश के इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाऊनशिम में 4 प्लॉट, मध्य प्रदेश के इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाऊनशिप विक्रम उद्योग पुरी में 1 प्लॉट आबंटित किया गया है;

3. आंध्र प्रदेश में कृष्णपटनम और कर्नाटक में तुमकुरू नोड के लिए शेयरधारक करार (एसएचए) स्टेट सपोर्ट एग्रीमेंट (एसएसए) को निष्पादित किया गया है और परियोजना के एसपीवी को भी निगमित किया गया है;

4. ऊपर विशेष रूप से दर्शाइ गई परियोजनाओं के अतिरिक्त, निम्नलिखित परियोजनाओं के लिए भी परियोजना संबंधी विकासात्मक गतिविधियों शुरू की जा रही है:

    - हरियाणा में गुड़गांव से बावल और गुजरात में अहमदाबाद से धोलेरा तक मास रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (एमआरटीएस);
    - हरियाणा में इंटीग्रेटेड मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स हब (आईएमएलएल) प्रोजेक्ट, नांगल चौधरी;
    - हरियाणा में ग्लोबल सिटी प्रोजेक्ट
    - दादरी, उत्तर प्रदेश में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स हब (एमएमएलएच) और मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब (एमएमटीएच);
    - गुजरात के साणंद में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क;

- गुजरात में धोलेरा में ग्रीनफील्ड अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा परियोजना;
- राजस्थान में एरोट्रोपोलिस प्रोजेक्ट;

डीएमआई प्रोजेक्टों की राज्य-वार प्रगति निम्नानुसार है:-

<u>गुजरात</u>

<u>धोलेरा स्पेशन इन्वेस्टमेंट क्षेत्र (DSIR):</u>

- विभिन्न प्रमुख अवसंरचना घटकों के लिए प्रारंभिक इंजीनियरिंग कार्य पूरा हो गया है;
- प्रोग्राम मैनेजर सभी अनुप्रवाह गतिविधियों के साथ समन्वय कर कार्यान्वयन संबंधी गतिविधियां शुरू कर रहे हैं;
- "धोलेरा इंडस्ट्रियल सिटी डेवलेपमेंट लिमिटेड" नामक विशेष प्रयोज्य योजना (एसपीवी) निगमित की गई है। राज्य सरकार ने 2245.08 हेक्टेयर भूमि एसपीवी को अंतरित की है और नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलेपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) (पूर्व में डीएमआईसी प्रोजेक्ट इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट फंड (डीएमआईसी ट्रस्ट) के रूप में जानने वाली) ने भी 1294.23 करोड़ रुपए की मैचिंग इक्विटी को जारी किया;
- आर्थिक मामलों संबंधी मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) ने 2784.82 करोड़ रुपए के पांच पैकेजों में बंटे धोलेरा के एक्टिविशन क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख अवसंरचना घटकों के लिए निविदा पैकेजों को अनुमोदित किया था, प्रत्येक की स्थिति नीचे दर्शायी गई है:
  - सड़क और सेवा ठेके (1,734 करोड़ रुपए) के लिए ईपीसी दे दिया गया है। एलएंडटी चुना गया बोलीदाता है और कार्य प्रगति पर है; दिसंबर, 2018 तक वास्तविक प्रगति -55.20%;
  - बीईसी बिल्डिंग ठेके (72.31 करोड़ रुपए) के लिए ईपीसी दिया गया। क्यूब कन्स्ट्रक्शन इंजीनियरिंग लिमिटेड चुना गया बोलीदाता है और कार्य प्रगति पर है; दिसंबर, 2018 तक वास्तविक प्रगति – 91.70%;
  - वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) ठेके (90 करोड़ रु) के लिए ईपीसी दे दिया गया है। एसपीएमएल चुना गया बोलीदाता है और कार्य प्रगति पर है; दिसंबर, 2018 तक वास्तविक प्रगति – 16.37%;
  - सीवर उपचार संयंत्र (एसटीपी) ठेका (54 करोड़ रुपए) के लिए ईपीसी दे दिया गया है। एलएंडटी चुना गया बोलीदाता है और कार्य प्रगति पर है; दिसंबर, 2018 तक वास्तविक प्रगति – 37.55%;

- सेंट्रल एफ्फलुएंट ट्रीटमेंट प्लांट ठेका (160 करोड़ रुपए) के लिए ईपीसी दे दिया गया है। एलएंडटी चुना गया बोलीदाता है और कार्य प्रगति पर है; दिसंबर, 2018 तक वास्तविक प्रगति – 11.13%;

- आईसीटी कन्सलटेन्ट को नियुक्त किया गया है और मास्टर सिस्टम इंटीग्रेटर (एमएसआई) के चयन की प्रक्रिया जारी है;
- भूमि आबंटन नीति को अंतिम रूप दे दिया गया है;
- उर्जा वितरण सब-स्टेशन और ईंधन स्टेशन की स्थापना के लिए टोरेंट पॉवर (20.78 एकड़) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (5.93 एकड़) को भूखंड आबंटित किए गए हैं;
- जीईआरसी ने 14 अगस्त, 2018 को डीएसआईआर हेतु टोरेंट पॉवर लिमिटेड को विद्युत वितरण लाइसेंस जारी किया।
- जागरूकता बढ़ाने और प्रमुख किराएदारों/निवेशकों को आकर्षित करने के लिए रोड शो और राऊंड टेबल कांफ्रेंस आयोजित की जा रही है।
- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने दिनांक 19 सितंबर, 2014 के पत्र द्वारा डीएमआईसीडीसी के पक्ष में धोलेरा स्पेशन इन्वेस्टमेंट रीजज की क्लीयरेंस दी है, इसके अतिरिक्त, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने दिनांक 15 जून, 2017 के पत्र द्वारा पर्यावरण क्लीयरेंस डीएमआईसीडीसी से डीएसआईआरडीए को अंतरित की है।
- चरण-I 24 जनवरी, 2018 को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से एसएच6 1.16 हेक्टेयर सहित एमबीआर (पी) के डब्ल्यूटीपी तक वन अंतरण प्रस्ताव के लिए वन संबंधी क्लीयरेंस (कार्यकारी अनुमति) प्राप्त कर ली है।
- चरण-II 10 मई, 2018 को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से एसएच6 (1.25 हेक्टेयर) सहित पीपली से डब्ल्यूटीपी तक के वन अंतरण प्रस्ताव के लिए वन संबंधी क्लीयरेंस (कार्यकारी अनुमति) प्राप्त कर ली है।
- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने दिनांक 11 जून, 2018 के पत्र द्वारा अहमदाबाद से धोलेरा तक 6 लेन वाले एक्सप्रेसवे के लिए विचारार्थ विषयों को अनुमोदित किया। अहमदाबाद-धोलेरा एक्सप्रेस परियोजना के लिए ईसी आवेदन /सीआरजेड आवेदन प्रक्रियाधीन है।

<u>साणंद, गुजरात (500 एकड़) में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क (एमएमएलपी):</u>

- परियोजना परामर्शदाताओं द्वारा तकनीकी-आर्थिक व्यवहार्यता तैयार किया जा रहा है;
- प्रस्तावित परियोजना के लिए संपर्कता योजना को तैयार किया गया है और इसे समीक्षा एवं अनुमोदन हेतु राज्य सरकार, डीएफसीसीआईएल एवं रेल मंत्रालय को प्रस्तुत किया गया है;

- राज्य सरकार ने एसपीवी निर्माण हेतु कदम की शुरूआत करने का अनुरोध किया है;

अहमदाबाद और धोलेरा के बीच एमआरटीएस, गुजरात:

- एमआरटीएम के लिए डीपीआर तैयार की गई है और राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है।
- परियोजना को डीएमआईसी परियोजना के लिए जीका रोलिंग प्लान में शामिल किया गया है।
- एमआरटीएस परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण एक्सप्रेस परियोजना के आरओडब्ल्यू के भाग के रूप में शुरू की जाएगी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा नियुक्त परामर्शदाताओं द्वारा अहमदाबाद से धोलेरा के बीच एक्सप्रेसवे परियोजना के लिए डीपीआर तैयार की जा रही है।

गुजरात में धोलेरा में ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल एयरपोर्ट:

- मैसर्स पीडब्ल्यूसी के कंसोर्टियम को कार्य संपादन परामर्शदाता नियुक्त किया गया है;
- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से पर्यावरण क्लीयरेंस प्राप्त कर ली गई है। नागरिक विमानन मंत्रालय ने परियोजना के लिए "सैद्धांतिक" क्लीयरेंस दे दी है;
- गुजरात राज्य सरकार 30 वर्षों के लिए 1 रुपए प्रति वर्ष पट्टा किराए पर 1426 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध कराने पर सहमत हो गई है, जिसे बाद में 30 वर्षों के लिए बढ़ाया जा सकता है;
- एएआई के बोर्ड ने डीपीआर और परियोजना में 51 प्रतिशत इक्विटी भागीदारी के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है;

भीमनाथ धोलेरा रेल लाइन परियोजना:

- एसपीवी-डीआईसीडीएल के बोर्ड ने 6 सितंबर, 2017 को आयोजित बैठक के दौरान पश्चिम रेलवे द्वारा अंतिम रूप दिए गए परियोजना की अनुमानित लागत को अनुमोदित कर दिया है;
- परियोजना को रेल मंत्रालय के गैर-सरकारी रेलवे (एनजीआर) मॉडल के अनुसार डीआईसीडीएल द्वारा लागू किया जाएगा। परियोजना को एनआईसीडीआईटी और गुजरात सरकार के बीच संयुक्त उपक्रम के रूप में क्रियान्वित किया जाएगा और परियोजना की लागत 100 प्रतिशत इक्विटी के रूप में वित्तपोषित की जाएगी;
- आरवी कन्सलटेंट को रेल लिंक परियोजना के लिए विस्तृत डिजाइन हेतु डीपीआर तैयार करने के लिए नियुक्त किया गया है।

महाराष्ट्र

शेंद्रा बिडकिन इंडस्ट्रियल एरिया (SBIA):

- एसबीआईए (8.39 वर्ग किमी) के चरण-I के लिए प्रारंभिक इंजीनियरिंग कार्य पूरे हो गए है;
- प्रोग्राम मैनेजर सभी अनुप्रवाह गतिविधियों के साथ समन्वय कर कार्यान्वयन संबंधी गतिविधियां शुरू कर रहे हैं;
- "औरंगाबाद इंडस्ट्रियल टाऊनशिप लिमिटेड" (एआईटीएल) नामक नोड/शहर स्तरीय विशेष प्रयोज्य योजना (एसपीवी) निगमित की गई है। राज्य सरकार ने 8.39 हेक्टेयर भूमि एसपीवी को अंतरित की है और नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलेपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) (पूर्व में डीएमआईसी प्रोजेक्ट इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट फंड (डीएमआईसी ट्रस्ट) के रूप में जानने वाली) ने भी 602.80 करोड़ रुपए की मैचिंग इक्विटी को जारी किया है;
- आर्थिक मामलों संबंधी मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) ने 1533 करोड़ रुपए के शेंद्रा इंडस्ट्रियल एरिया के विभिन्न प्रमुख अवसंरचना घटकों के लिए निविदा पैकेजों को अनुमोदित किया था। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक पैकेज-वार स्थिति नीचे दर्शायी गई है:
  - सड़क, नालियों, पुलियों, जल आपूर्ति, मल निकास और उर्जा प्रणाली के लिए ईपीसी दे दिया गया है (656.89 करोड़ रुपए)। शापूरजी पल्लोंजी ईपीसी कांट्रेक्टर है। दिसंबर, 2018 तक वास्तविक प्रगति – 83.99%;
  - ऊपरी सड़क पुल निर्माण के लिए ईपीसी दे दिया गया है (69.45 करोड़ रुपए). पाटिल कंस्ट्रेक्शन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ईपीसी कांन्ट्रेक्टर है। दिसंबर, 2018 तक वास्तविक प्रगति– 68.28%;
  - जिला प्रशासनिक भवन के लिए ईपीसी (रुपए 129 करोड़). शापूरजी पल्लोंजी ईपीसी कांट्रेक्टर है। दिसंबर, 2018 तक वास्तविक प्रगति – 97.40%;
  - सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) , एफ्फुलेएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) एंड सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए ईपीसी दे दी गई है (रुपए 72.52 crore). पस्सवंट एनर्जी ईपीसी कांट्रेक्टर है। दिसंबर, 2018 तक वास्तविक प्रगति – 13.00%;
  - लैंडस्केप और सिंचाई कार्यों के लिए ईपीसी (रुपए 112 करोड़). शापूरजी पल्लोंजी ईपीसी कांट्रेक्टर है और कार्य प्रगति पर है;
  - आईसीटी मास्टर सिस्टम इंटीग्रेटर (एमएसआई) कार्य (रुपए 142 करोड़). हनीवेल चुनी हुई एजेंसी है। दिसंबर, 2018 तक वास्तविक प्रगति – 41.75%;

- भूमि आबंटन नीति को अंतिम रूप दे दिया गया है और शेन्द्रा इंडस्ट्रियल एरिया में उद्योग सहित 56 प्लॉट आबंटित किए गए है। हयोसुंग कॉरपोरेशन शेंद्रा इंडस्ट्रियल एरिया में प्रथम प्रमुख निवेशक है (आबंटित भूमि - 100 एकड़) ;
- बिडकिन के लिए परियोजना विकास गतिविधियां शुरू की जा रही है और 6414.21 करोड़ रुपए की कीमत वाले प्रमुख अवसंरचना पैकेज को नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडार डेवलेपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) (पूर्व में डीएमआईसी प्रोजेक्ट इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट फंड (डीएमआईसी ट्रस्ट) के रूप जाना जाने वाला) और बाद में आर्थिक मामलों संबंधी मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) द्वारा अनुमोदित किया गया;
- राज्य सरकार ने बिडकिन इंडस्ट्रियल एरिया के लिए प्रोजेक्ट एसपीवी को 1376.81 एकड़ भूमि अंतरित की और 1149.90 करोड़ रुपए की मैचिंग इक्विटी जारी की गई है;
- एलएंडटी को चरण-I (1223 करोड़ रुपए) अर्थात सड़क और भूमिगत सुविधाओं/सेवाओं के लिए 10 वर्ग किमी हेतु ईपीसी कांट्रेक्टर नियुक्त किया गया है एवं कार्य प्रगति पर है। दिसंबर, 2018 तक वास्तविक प्रगति – 77.08%;
- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा शेन्द्रा-बिडकिन इंडस्ट्रियल एरिया के लिए पर्यावरण क्लीयरेंस दे दी गई है;

<u>दीघी पोर्ट इंडस्ट्रियल एरिया:</u>

- राज्य सरकार ने चरण-I अर्थात 3000 हैक्टेयर के लिए भूमि अधिगृहीत की है।
- मैसर्स एजीस को विस्तृत मास्टर प्लानिंग करने और प्रारंभिक इंजीनियरी गतिविधियां करने के लिए नियुक्त किया गया है।

<u>मध्य प्रदेश</u>

<u>पीथमपुर धार महू इन्वेस्टमेंट रीजन:</u>

नोड/सिटी लेवल के लिए नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) और मध्य प्रदेशराज्य सरकार/एमपीटीआरआईएफएसी के बीच स्टेट सपोर्ट एग्रीमेंट (एसएसए) और शेयरहोल्डर एग्रीमेंट (एसएचए) को निष्पादित किया गया है।

<u>इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाऊनशिप 'विक्रम उद्योगपुरी' प्रोजेक्ट, उज्जैन:</u>

- 1100 एकड़ भूमि प्रोजेक्ट एसपीवी को अंतरित की गई है और नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) द्वारा भी 55.93 करोड़ रुपए की मैचिंग इक्विटी जारी की गई है;

- प्रोजेक्ट की आवश्यकता पूरी करने के लिए उज्जयिनी से उज्जैन तक इंडस्ट्रियल एरिया विक्रम उद्योगपुरी लिमिटेड" में पाइपलाइन से जलापूर्ति करने के लिए नर्मदा वैली डेवलेपमेंट ऑथोरिटी (एनवीडीए) और विक्रम उद्योगपुरी लिमिटेड के बीच अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए है।
- एईसीओएम, प्रोग्राम मैनेजमेंट कन्सलटेंट निर्माण संबंधी गतिविधियों का पर्यवेक्षण कर रहा है;
- एसपीएमएल और ओम मैटल का कंसोर्टियल, ईपीसी कांट्रेक्टर विभिन्न अवसरंचना घटकों का क्रियान्वय शुरू कर रही है। दिसंबर, 2018 तक कार्य की वास्तविक प्रगति – 77.00%;
- भूमि आबंटन नीति को अंतिम रूप दे दिया गया है और पंचमहल डिस्ट्रि. - ऑपरेटिव मिल्क प्रोड्यूसर यूनियन लिमिटेड को एक भूखंड (12 एकड़) आबंटित किया गया है,
- जागरूकता बढ़ाने और निवेशकों को आकर्षित करने के लिए रोड शो और राऊंड टेबल कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया है।

<u>पीथमपुर इंडस्ट्रियल एरिया के लिए जलापूर्ति परियोजना:</u>

- राज्य सरकार और नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) के बीच डीएमआईसी पीथमपुर जल प्रबंधन कंपनी लिमिटेड (डीएमआईसी पीजेपीसीएल) नामक एसपीवी निगमित किया गया है;
- 306.55 करोड़ रुपए परियोजना लागत के लिए अनुमोदित किए गए और ट्रस्ट द्वारा 17.15 करोड़ रुपए की मैचिंग इक्विटी जारी की गई है;
- निर्माण संबंधी गतिविधियों के निरीक्षण हेतु परामर्शदाताओं को नियुक्त किया गया है;
- 219 करोड़ रुपए के कार्यों हेतु एलएंडटी को ईपीसी कांट्रेक्टर नियुक्त किया गया है। कार्य की वास्तविक प्रगति: 83%;
- एनआईसीडीआईटी ने डीएमआईसी पीथमपुर जल प्रबंधन लिमिटेड की 49 प्रतिशत इक्विटी शेयर होल्डिंग अधिगृहीत करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है।

<u>हरियाणा</u>

<u>नांगल चौधरी में इंटीग्रेटेड मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स हब (आईएमएलएच):</u>

- परियोजना के लिए महेन्द्रगढ़ जिले में लगभग 886 एकड़ भूमि की पहचान की गई है;
- नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) और हरियाणा राज्य सरकार के बीची प्रोजेक्ट एसपीवी निगमित किया गया है;
- प्रोजेक्ट की मास्टर प्लानिंग पूरी हो गई है और राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित की गई है;

- सीसीईए ने चरण I के विकास के लिए 1029.49 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति सहित परियोजना को अनुमोदित कर दिया है और परियोजना के चरण II के विकास हेतु "सैद्धांतिक" अनुमोदन दे दिया है
- राज्य सरकार ने कुल भूमि में से 639 एकड़ भूमि अंतरित कर दी है और एनआईसीडीआईटी द्वारा 191.67 करोड़ रुपए की इक्विटी जारी कर दी है;
- परियोजना को एशियन इंफ्रास्टक्चर इन्वेस्टमेंट बोर्ड (एआईआईबी) से एनआईसीडीआईटी को ऋण वित्तपोषण के लिए भेज दिया गया है।

ग्लोबल सिटी प्रोजेक्ट:

- नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) और हरियाणा राज्य सरकार के बीच प्रोजेक्ट एसपीवी निगमित किया गया है;
- मास्टर प्लान पूरा हो गया है और राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है;
- आंतरिक अवसंरचना घटकों की प्रारंभिक इंजीनियरी संबंधी गतिविधियां जारी है और ईपीसी कान्ट्रेक्टर(रों) की नियुक्ति हेतु निविदा दस्तावेजों को अंतिम रूप दिया जा रहा है;
- राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, हरियाणा ने एमबीआईआर के अंतर्गत ग्लोबल सिटी के विकास हेतु ईआईए स्टडी और डीएमआईसी के अंतर्गत हरियाणा राज्य में इंटीग्रेटेड मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स हब हेतु विचारार्थ विषयों को अनुमोदन दे दिया है।

मास रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (एमआरटीएस) प्रोजेक्ट:

- राज्य सरकार ने अंतिम डीपीआर को अनुमोदन दे दिया है;
- नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) और हरियाणा राज्य सरकार के बीच एसपीवी निगमित किया गया;
- भूमि राज्य सरकार के अधिकार में है;
- प्रोजेक्ट को डीएमआईसी प्रोजेक्ट के लिए जीका स्पेशल रोलिंग प्लान में शामिल किया गया है;

उत्तर प्रदेश

ग्रेटर नोएडा में इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाऊनशिप प्रोजेक्ट:

- प्रारंभिक इंजीनियरी गतिविधियां पूरी हो गई है और "इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाऊनशिप ग्रेटर नोएडा लिमिटेड" नामक एसपीवी को निगमित किया गया है;

- प्रोजेक्ट एसपीवी को 747.5 एकड़ भूमि अंतरित की गई और नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) द्वारा भी 617.20 करोड़ रुपए की मैचिंग इक्विटी जारी की गई;
- शपूरजी पल्लोंजी को 426 करोड़ रुपए के विभिन्न प्रमुख अवसरंचना घटकों को कार्यान्वित करने के लिए ईपीसी कांट्रेक्टर नियुक्त किया गया है और कार्य प्रगति पर है; दिसंबर, 2018 तक कार्य की वास्तविक प्रगति – 87.57%
- जनवरी, 2018 में सीमंस को साइट के भीतर 121 करोड़ रुपए के उर्जा वितरण कार्य करने के लिए ईपीसी कांट्रेक्टर नियुक्त किया गया है और कार्य प्रगति पर है;
- भूमि आबंटन नीति को अंतिम रूप दे दिया गया है;
- 152 एकड़ भूमि निम्नलिखित 4 आवेदकों को आबंटित की गई है:
    - हेयर: 123 .7 एकड़
    - सत्कृति इंफोटेक: 9.8 एकड़
    - फोर्मे: 3.5 एकड़
    - स्टेरिओन: 15 एकड़
- रोड शो और राऊंड टेबल कान्फ्रेंस आयोजित की गई थी।

<u>दादरी में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स हब (एमएमएलएच) और ग्रेटर नोएडा के बोरकी में मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब (एमएमटीएच):</u>

- इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाऊनशिप प्रोजेक्ट के लिए एसपीवी एमएमएलएच के साथ-साथ एमएमटीएच प्रोजेक्टों को भी कार्यान्वित करेगा;
- भूमि सहित 4034 करोड़ रुपए की लागत वाले प्रारंभिक डिजाइन रिपोर्ट पर एनआईसीडीआईटी बोर्ड ने "सैद्धांतिक" अनुमोदन दे दिया है;
- विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा रही है;
- डीएफएफसीसीआईएल के साथ भी चर्चा शुरू हो गई है ताकि साइट को पश्चिमी और पूर्वी समर्पित माल यातायात गलियारे से संपर्कता उपलब्ध हो सके।
- भारतीय रेल द्वारा समझौता ज्ञापन को अनुमोदित कर दिया गया है और शीघ्र ही निष्पादित किया जाएगा;
- राज्य सरकार ने सूचित किया है कि 80 प्रतिशत भूमि उनके कब्जे में है और शेष भूमि तेजी से अधिगृहीत की जा रही है;

- परियोजना को एशियन इंफ्रास्टक्चर इन्वेस्टमेंट बोर्ड (एआईआईबी) से एनआईसीडीआईटी को ऋण वित्तपोषण के लिए प्रस्तुत किया गया है।

राजस्थान

खुशखेड़ा भिवाड़ी नीमराणा इन्वेस्टमेंट रीजन, राजस्थान:

- मास्टर प्लान को अधिसूचित किया गया है;
- राज्य सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू हो गई है;
- एसएचए एवं एसएसए के निष्पादन को सक्षम बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा राजस्थान स्पेशल इन्वेस्टमेंट रीजन एक्ट अधिसूचित किया गया है;

राजस्थान में ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल एयरपोर्ट:

- नागर विमानन मंत्रालय द्वारा साइट क्लीयरेंस दे दी गई है;
- एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) प्रस्तुत की गई है।
- प्रस्तावित भिवाड़ी इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जिला अलवर, राजस्थान के लिए ईआईए स्टडी करने के लिए विचारार्थ विषयों को पर्यावरण, वन और जलवायु मंत्रालय द्वारा अनुमोदन दे दिया गया है। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सितंबर, 2018 में जन सुनवाई की है;
- एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया ने 31 अक्टूबर, 2018 को अपनी अंतिम डीपीआर प्रस्तुत की है।

जोधपुर पाली मारवाड़ इंडस्ट्रियल एरिया (जेपीएमआईए):

- मास्टर प्लान अधिसूचित कर दिया गया है;
- राज्य सरकार को भूमि अधिग्रहण तेज करने के लिए अनुरोध किया गया है।
- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने राजस्थान में जोधपुर पाली मारवाड़ इंडस्ट्रियल एरिया (जेपीएमआईए) प्रोजेक्ट के लिए पर्यावरण क्लीयरेंस दे दी है।

स्मार्ट कम्यूनिटी प्रोजेक्ट:

क) **मॉडल सोलर प्रोजेक्ट, नीमराणा, राजस्थान:**

- 03 सितंबर, 2015 को 05 मैगावाट सोलर पॉवर प्लांट शुरू किया गया है। एनवीवीएन लिमिटेड के साथ पॉवर परचेज एग्रीमेंट (पीपीए) के अनुसार 8.77/- रुपए प्रति यूनिट के निर्धारित टैरिफ पर स्टेट ग्रिड (अर्थात 220 केवी जीएसएस नीमराणा) को भेजी जा रही है।

- 17 मई, 2016 से 10 वर्षों के लिए 11.99/- रुपए प्रति यूनिट के निश्चित टैरिफ के आधार पर एमआईकेयूएनआई इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ 01 मैगावाट माइक्रो ग्रिड सोलर पॉवर प्लांट के लिए पॉवर परचेज एग्रीमेंट (पीपीए) निष्पादित किया गया है।
- 10 जुलाई, 2017 से एमआईकेयूएनआई इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को उच्च गुणवत्ता, स्थिर और नवीकरणीय योग्य हरित उर्जा भेजने के लिए 01 मैगा वाट मैगावाट माइक्रो ग्रिड सोलर पॉवर प्रोजेक्ट से उर्जा सृजन शुरू हो गया है।

ख) **<u>लॉजिस्टिक डाटा बैंक प्रोजेक्ट:</u>**

- 01 जुलाई, 2016 से जेएनपीटी पोर्ट और 01 अप्रैल, 2018 से जेएनपीटी पोर्ट पर भारत मुंबई कंटेनर टर्मिनल नामक नए पोर्ट टर्मिनल पर परिचालन की शुरूआत हो गयी है;
- 01 मई, 2017 से गुजरात में एपीएसईजेड (अडानी पोर्ट स्पेशल इकोनोमिक जोन) एवं एएचपीपीएल हजीरा (अडानी हजीरा पोर्ट प्राइवेट लिमिटेड) पर सभी कंटेनर टर्मिनलों ने सफलतापूर्वक परिचालन शुरू कर दिया है;
- 31 जनवरी, 2019 तक 12 मिलियन कंटेनर को टैग्गड/डी-टैग्गड किया गया है;
- पूरे भारत में एलडीबी सेवाओं के विस्तार हेतु तूतीकोरिन पोर्ट ट्रस्ट, विशाखापट्नम पोर्ट ट्रस्ट, चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट, मोरमुगांव पोर्ट ट्रस्ट, पारादीप पोर्ट ट्रस्ट, मुंबई पोर्ट ट्रस्ट, न्यू मंगलोर पोर्ट ट्रस्ट, कट्टुपल्ली पोर्ट प्राइवेट लिमिटेड, कृष्णपट्नम पोर्ट, एन्नोर पोर्ट लिमिटेड, कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट, हल्दिया, कोचिन पोर्ट ट्रस्ट के साथ अनुबंध हस्ताक्षरित किए गए हैं।

<u>अन्य परियोजनाएं:</u>

<u>द्वारका, दिल्ली में इंडिया इंटरनेशनल कन्वेन्शन एंड एक्सपो सेंटर (आईआईसीसी):</u>

- मंत्रिमंडल ने अपनी सहमति दे दी है और परियोजना के मार्गदर्शन हेतु प्रोजेक्ट स्टीयरिंग कमेटी का गठन किया गया है;
- परियोजना के लिए इंडिया इंटरनेशनल कन्वेन्शन एंड एक्जीबिशन सेंटर लिमिटेड के नाम से एसपीवी बनाया गया है।
- डीपीआईआईटी द्वारा डीडीए से भूमि लेना शुरू हो गया है;
- विभिन्न परियोजना विकास गतिविधियों को करने के लिए प्रोग्राम मैनेजमेंट कन्सलटेंट के रूप में एईसीओएम को नियुक्त किया गया है।
- चरण 1 घटकों (2791 करोड़ रुपए) के विकास के लिए एलएंडटी को ईपीसी कांट्रेक्टर के रूप में नियुक्त किया गया है, दिसंबर, 2018 तक कार्य की वास्तविक प्रगति – 30.45%;

- डीएमआरसी ने 18 जुलाई, 2018 को भूमि मालिकों को बकाये का भुगतान कर शेष 0.1368 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण कर लिया है।
- दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया (एएआई), दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी), दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड (डीटीएल), नेशनल हाईवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया (एनएनएचआई), आदि जैसे भागीदारों के परामर्श से अन्य परियोजना संबंधी विकासात्मक गतिविधियां की जा रही है;
- एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन के आईआईसीसी प्रोजेक्ट तक विस्तार हेतु डीएमआरसी के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया है और निर्माण कार्य पूरे जोरों पर है;
- एएआई ने परियोजना के लिए प्रस्तावित भवन ऊंचाइयों पर "अनापत्ति प्रमाणपत्र" दे दिया है;
- दक्षिण दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) ने इमारत के नक्शे को अनुमोदन दे दिया है और दिल्ली फायर सर्विसेस ने चरण-1 विकास के लिए इमारत के नक्शे को अनापत्ति प्रमाणपत्र दे दिया है।
- एचवीपीएनएल एवं बीएसईएस राजधानी पॉवर लिमिटेड ने एचटी लाइनें जो साइट से गुजर रही थी, उन्हें हटाने का कार्य पूरा कर लिया है;
- परियोजना की प्रगति पर निगरानी के लिए नियमित रूप से समीक्षा बैठकें की जा रही है;
- बोस्टन कन्सल्टिंग ग्रुप को व्यावसायीकरण, नियोजन एवं कर्षण परामर्शदाता के रूप में और आईडीओएम (स्पेन) एवं सीपी कुकरेजा आर्किटेक्ट्स के कंसोर्टियम को प्रारंभिक इंजीनियरिंग एवं आर्किटेक्चर संबंधी परामर्शदाता नियुक्त किया गया है;
- कोरिया इंटरनेशनल एक्जीबिशन सेंटर एंड ईसेंग नेटवर्क कंपनी लिमिटेड को एक्जीबिशन एवं कन्वेन्शन सेंटर के लिए परिचालक के रूप में नियुक्त किया गया है और परिचालन सेवा अनुबंध 20 वर्ष की अवधि का है;
- आईडीबीआई कैपिटल मार्केट एंड सिक्योरिटीज लिमिटेड को ऋण जुटाने के लिए वित्तीय परामर्शदाता के रूप नियुक्त किया गया है;
- नेशनल कौंसिल फॉर सीमेंट एंड बिल्डिंग मैटेरियल्स को "थर्ड पार्टी क्वालिटी एश्योरेंस एंड ऑडिट" (टीपीक्यूए) के लिए परामर्शदाता सेवाओं के लिए नियुक्त किया गया है;
- 20 सितंबर, 2018 को भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा शिलान्यास किया गया।

अन्य औद्योगिक गलियारे:

क. चेन्नई बेंगलूरू इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (सीबीआईसी) प्रोजेक्ट:

सभी गलियारों के लिए भावी योजना पूरी हो गई है और विकास के लिए तीन नोड्स की पहचान की गई है;

i. कृष्णपट्नम, आंध्र प्रदेश;
ii. तुमकुरू, कर्नाटक; और
iii. पोन्नेरी, तमिलनाडु

i. कृष्णपट्नम, आंध्र प्रदेश:

- शेयरहोल्डर एग्रीमेंट (एसएचए) और स्टेट सपोर्ट एग्रीमेंट (एसएसए) निष्पादित किया गया है और 07 अगस्त, 2018 को 'एनआईसीडीआईटी कृष्णपटनम इंडस्ट्रियल सिटी डेवलेपमेंट लिमिटेड" नामक प्रोजेक्ट एसपीवी को निगमित किया गया है।
- विस्तृत मास्टर प्लानिंग और प्रारंभिक इंजीनियरी गतिविधियों को अंतिम रूप दे दिया गया है।
- पर्यावरण प्रभाव आकलन के लिए परामर्शदाता सेवाअें के लिए एलएंडटी को लैटर ऑफ एवार्ड जारी कर दिया गया है;

ii. तुमकुरू, कर्नाटक:

- शेयरहोल्डर एग्रीमेंट (एसएचए) और स्टेट सपोर्ट एग्रीमेंट (एसएसए) को निष्पादित किया गया है और 01 नवंबर, 2018 को प्रोजेक्ट एसपीवी अर्थात सीबीआईसी तुमकुरू इंडस्ट्रियल टाऊनशिप लिमिटेड को निगमित किया गया है।
- विस्तृत मास्टर प्लानिंग और प्रारंभिक इंजीनियरी गतिविधियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

iii.पोन्नेरी, तमिलनाडु:

- औद्योगिक गलियारों पर भारत सरकार अनुमोदित संस्थानिक और वित्तीय संरचना पर राज्य सरकार की अंतिम सहमति की प्रतीक्षा है।

ख. अमृतसर कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (एकेआईसी) प्रोजेक्ट:

- सभी गलियारों के लिए भावी योजना तैयार कर ली गई है और चरण-I के अंतर्गत विकास के लिए सात औद्योगिक विनिर्माण कलस्टरों (आईएमसी) की पहचान की गई है। ये आईएमसी राजपुरा-पटियाला (पंजाब), गोहाना (हरियाणा), प्राग-खुरपिया फार्म्स (उत्तराखंड), भौपुर (उत्तर प्रदेश), गमहरिया (बिहार), बरही (झारखंड) और रघुनाथपुर (पश्चिम बंगाल) है;
- सभी पहचाने गए आईएमसी के लिए कॉन्सेप्ट मास्टर प्लान को अंतिम रूप दे दिया गया है;
- राजपुरा-पटियाला (पंजाब), गोहाना (हरियाणा), प्राग-खुरपिया फार्म्स (उत्तराखंड), भौपुर (उत्तर प्रदेश), गमहरिया (बिहार), बरही (झारखंड) आईएमसी के लिए संबंधित राज्य सरकारें भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में है।

i. रघुनाथपुर, पश्चिम बंगाल

- राज्य सरकार के साथ शेयरहोल्डर एग्रीमेंट (एसएचए) और स्टेट सपोर्ट एग्रीमेंट (एसएसए) को अंतिम रूप दिया जा रहा है।
- 2483 एकड़ भूमि पश्चिम बंगाल राज्य सरकार के कब्जे में है
- विस्तृत मास्टर प्लानिंग और प्रारंभिक इंजीनियरी गतिविधियां प्रगति पर है;

डीएमआईसी प्रोजेक्ट के तहत स्मार्ट शहरों के लिए पुरस्कार और मान्यता

<u>धोलेरा स्मार्ट सिटी</u>:

1. भू-स्थानिक उत्कृष्टता पुरस्कार, मार्च 2016
2. बेंटले "प्रेरित हो", मार्च 2016
3. आईजीबीसी ग्रीन सिटी रेटिंग "प्लेटिनम", सितंबर 2016
4. एकीकृत योजना के लिए सर्वश्रेष्ठ शहर, फरवरी 2017
5. बेस्ट ग्रीन सिटी, फरवरी 2017
6. बेस्ट इनोवेटिव ग्रीनफील्ड इंडस्ट्रियल टाउनशिप प्रोजेक्ट, फरवरी 2019

<u>ऑरिक स्मार्ट सिटी</u>:

1. ऑरिक हॉल - सर्वश्रेष्ठ कार्यालय भवन और वास्तुकला में सर्वश्रेष्ठ के लिए 2017 का टाइम्ज़ राष्ट्रीय पुरस्कार;
2. 2018 राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद इन्फ्रा प्रोजेक्ट 3.2 मिलियन सुरक्षित श्रमघंटो के लिए द्वितीय

स्थान;

3. ई-भूमि प्रबंधन प्रणाली के लिए 2018 स्कोच ऑर्डर-ऑफ-मेरिट पुरस्कार;
4. सैन फ्राँसिको में पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन नवाचारों के लिए 11 ईबीजे / सीसीबीजे पुरस्कार।

- **प्रौद्योगिकी योग्यता स्मार्ट शहर:** विस्तृत औरंगाबाद औद्योगिक स्मार्ट सिटी परियोजना, स्मार्ट तकनीकों और अगले स्तर के बुनियादी ढांचे को एकीकृत कर भविष्य के स्मार्ट, हरे औद्योगिक शहर में ऑरिक (औरंगाबाद औद्योगिक शहर) को बदलने के लिए।

वित्तीय परिणाम सार

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान, ट्रस्ट के मुख्य धन संग्रह (कार्प्स) के लिए भारत सरकार द्वारा 801.37 करोड़ रुपए जारी किए गए थे।

वित्तीय वर्ष के अंत में ट्रस्ट का वित्तीय सार निम्नानुसार है:

(करोड़ रुपए में)

विवरण	**वित्तीय वर्ष 2017-18 (लेखा परीक्षित)**	**वित्तीय वर्ष 2016-17 (लेखा परीक्षित)**
कार्प्स/पूंजी निधि*	3727.00	3014.77
स्थायी परिसंपत्तियां	कुछ नहीं	कुछ नहीं
निवेश	3473.62	2308.60
चालू परिसंपत्तियां	253.51	706.19
चिन्हित निधि*	कुछ नहीं	कुछ नहीं
चालू दायिताएं	0.13	0.03
गैर-चालू दायिताएं	कुछ नहीं	कुछ नहीं
सकल आय	13.53	36.72
व्यय पर आय का आधिक्य/(कमी)	(1.59)	32.85

*परियोजना संबंधी विकासात्मक गतिविधियां करने के लिए अनुदान के रूप में दिल्ली मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (डीएमआईसीडीसी) को दिए जाने वाले चिन्हित "अनुदान (सामान्य)" को वित्तीय वर्ष 2015-16 तक "चिह्नित/बंदोबस्ती निधियों" के अंतर्गत दिखाया गया था।

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणी के अनुसार परियोजना संबंधी विकासात्मक गतिविधियां करने के लिए अनुदान के रूप में दिल्ली मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (डीएमआईसीडीसी) को दिए जाने वाले चिन्हित "अनुदान (सामान्य)" को वित्तीय वर्ष 2016-17 से "चिह्नित/बंदोबस्ती निधियों" के बदले "कॉर्प्स/पूंजी निधि" के अंतर्गत "अतिरिक्त कॉर्प्स" के रूप में दिखाया गया है।

लेखा परीक्षक

ट्रस्ट डीड के परिच्छेद 13 के अनुसार, एनआईसीडीआईटी भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएंडएजी) द्वारा लेखा परीक्षा के अधीन है।

भारत के राष्ट्रपति ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कर्तव्य, शक्तियां एवं सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 की धारा 20(1) के अंतर्गत वर्ष 2017-18 से 2021-22 तक पांच वर्ष की अवधि के लिए एनआईसीडीआईटी की लेखा परीक्षा का कार्यभार सौंपा है।

वर्ष के दौरान, सीएंडएजी लेखा परीक्षा टीम ने वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए वार्षिक लेखों की लेखा परीक्षा की है।

सीएंडएजी द्वारा वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए एनआईसीडीआईटी के वार्षिक लेखों पर पृथक लेखा परीक्षा रिपोर्ट जारी कर दी गई है।

कर्मचारियों के ब्यौरे

वर्ष 2017-18 के दौरान एनआईसीडीआईटी में कोई कर्मचारी नहीं है।

ट्रस्ट डीड के परिच्छेट 8.5 के अनुसार, सचिव, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में और मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक, डीएमआईसीडीसी लिमिटेड एनआईसीडीआईटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे।

आभार

ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सभी ट्रस्टियों को ट्रस्ट में उनके निरंतर समर्थन, सहयोग और योगदान के लिए अपना आभार प्रकट करते हैं।

कृते नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट
एंड इम्पलीमेंटेशन ट्रस्ट

(अल्केश क. शर्मा)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 28-जून-2019

गोपनीय

संख्या / No.

भारतीय लेखा तथा लेखापरीक्षा विभाग,

कार्यालय प्रधान निदेशक वाणिज्यिक लेखापरीक्षा
एवं पदेन सदस्य, लेखापरीक्षा बोर्ड–1

INDIAN AUDIT & ACCOUNTS DEPARTMENT,

OFFICE OF THE PRINCIPAL DIRECTOR OF COMMERCIAL AUDIT & EX-OFFICIO MEMBER, AUDIT BOARD-1

दिनाँक/Dated

सेवा में,

सचिव, भारत सरकार,
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
उद्योग भवन,
नई दिल्ली ।

विषयः- नैशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डैवलपमैंट एण्ड इम्पिलिमेन्टशन ट्रस्ट के वर्ष 31 मार्च 2018 के वार्षिक लेखाओं पर भारत के नियत्रंक महालेखापरीक्षक की पृथक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन।

महोदय,

मैं इस पत्र के साथ नैशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डैवलपमैंट एण्ड इम्पिलिमेन्टशन ट्रस्ट के वर्ष 2017-18 के प्रमाणित वार्षिक लेखे की प्रति तथा उन पर पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन संसद के पटल पर रखने के लिए अग्रेषित कर रही हूँ ।

कृपया यह सुनिश्चित किया जाए कि इस पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन को संसद के दोनों सदनों के समक्ष प्रस्तुत करने से पहले शासी निकाय (Governing Body) को नियमानुसार अवशय प्रस्तुत किया जाए।

संसद को प्रस्तुत कर दस्तावेज की दो प्रतियॉ उस तिथि को दर्षाते हुए, जब वे संसद को प्रस्तुत किए गए थे, इस कार्यालय को तथा भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक के कार्यालय को भेजी जाए ।

भवदीया,

अनुलग्नकः यथोपरि

हस्ता०
(प्राची पाण्डेय)
प्रधान निदेशक

संख्या : PDCA-1/ND/CHQ/29-62/18-19/ 1226 दिनॉक : 29/1/19

प्रतिलिपीः-

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नैशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डैवलपमैंट एण्ड इम्पिलिमेन्टशन ट्रस्ट, कमरा संख्या-341 तीसरी मंजिल, होटल अशोक, नई दिल्ली-110021 को एक प्रति सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु संलग्न की जा रही है ।

29.1/XIX
(प्राची पाण्डेय)
प्रधान निदेशक

तृतीय तल, ए–स्कन्ध, इन्द्रप्रस्थ भवन, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली–110002
3rd Floor, A-Wing, Indraprastha Bhawan, I. P. Estate, New Delhi-110002
दूरभाष/Tele. : 011-23378473, फैक्स/Fax : 011-23378432,011-23370871
e-mail : mabnewdelhi1@cag.gov.in

31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलिमेंटेशन ट्रस्ट के लेखों पर नियंत्रक एवं भारत के महालेखा परीक्षक की पृथक लेखा परीक्षा रिपोर्ट

हमने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के (कर्तव्य, शक्तियां एवं सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 की धारा 20 जिसे वित्त मंत्रालय, आर्थिक मामले विभाग (बजट प्रभाग) के दिनांक 1 सितंबर, 2014 के सुपुर्दगी पत्र सं. 1(27)-बी(आर)/2013 के साथ पढ़ा जाए, के अंतर्गत 31 मार्च, 2018 को नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलेपमेंट एंड इम्पलिमेंटेशन ट्रस्ट के संलग्न तुलन पत्र और उसी तिथि को समाप्त वर्ष के लिए आय एवं व्यय लेखा/प्राप्ति एवं भुगतान लेखा की लेखा परीक्षा की है। ये वित्तीय विवरण ट्रस्ट के दायित्व है। हमारा दायित्व हमारी लेखा परीक्षा के आधार पर इन वित्तीय विवरणों पर अपने विचार प्रकट करना है।

2. इस पृथक लेखा परीक्षा रिपोर्ट में वर्गीकरण, सर्वश्रेष्ठ लेखांकन पद्धतियों, लेखांकन मानकों और प्रकटन शर्तों, आदि के साथ अनुरूपता के संबध में केवल लेखांकन उपचारों पर नियंत्रक एवं भारत के महालेखा परीक्षक की विवेचना शामिल है। वित्तीय लेन-देनों पर लेखा परीक्षा प्रेक्षण कानूनों, नियमों एवं विनियमों (औचित्य एवं नियमितता) के अनुपालन के संबंध में है और कुशलता-सह-प्रदर्शन पहलूओं, आदि, यदि कोई हो तो इसे निरीक्षण रिपोर्ट/सीएजी की लेखा परीक्षा में पृथक रिपोर्ट से दिखाया गया है।

3 हमने अपनी लेखा परीक्षा भारत में सामान्य रूप से स्वीकार्य लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार की है। इन मानकों से अपेक्षा की जाती है कि हम उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए लेखा परीक्षा का नियोजन तथा प्रदर्शन इस तरह करे कि ये वित्तीय विवरण किसी महत्वपूर्ण चूक से मुक्त हो। किसी लेखा परीक्षा में वित्तीय विवरणों में राशियों और प्रकटनों को समर्थ करने वाले साक्ष्यों को जांच आधार पर परीक्षण करना है। किसी लेखा परीक्षा में उपयोग किए गए लेखांकन मानकों और प्रबंधन द्वारा तैयार महत्वपूर्ण प्राक्कलनों के आकलन के साथ-साथ वित्तीय विवरणों पर समग्र प्रस्तुति का मूल्यांकन भी शामिल होता है। हम विश्वास करते हैं कि हमारी लेखा परीक्षा हमारे विचारों के लिए उचित आधार मुहैया कराती है।

4. हमारी लेखा परीक्षा रिपोर्ट के आधार पर, हम रिपोर्ट करते हैं कि:

(i) हमने सभी सूचनाएं और स्पष्टीकरण प्राप्त किए हैं जो हमारे ज्ञान और विश्वास से हमारी लेखा परीक्षा के उद्देश्य से आवश्यक थे।

(ii) इस रिपोर्ट में देखे गए तुलन पत्र और आय एवं व्यय लेखा/प्राप्ति एवं भुगतान लेखा वित्त मंत्रालय द्वारा निर्धारित प्रारूप में बनाए गए हैं।

(iii) हमारे विचार में, लेखा बहियों की हमारी जांच से अभी तक यह प्रतीत होता है कि दिनांक 27 सितंबर, 2012 की न्यास विलेख की उपधारा 13.1 के अंतर्गत जैसा अपेक्षा की गई है नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट एंड इम्पलिमेंटेशन ट्रस्ट द्वारा लेखा बहियों और अन्य संबंधित रिकार्डों को उचित रूप से तरीके से बनाए रखा है।

(iv) हम यह भी रिपोर्ट करते हैं कि:

सहायता अनुदान

परियोजना कार्यान्वयन निधि और परियोजना विकास निधि के अंतर्गत सहायता अनुदान की स्थिति (प्रबंधन द्वारा प्रस्तुत सूचना के अनुसार) निम्नलिखित है:

(करोड़ रुपए में)

विवरण	**परियोजना कार्यान्वयन निधि (पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन के लिए)**	**परियोजना विकास निधि (परियोजना विकास गतिविधियों को पूरा करने के लिए)**
अथशेष	589.57	81.29
जोड़े: 2017-18 के दौरान प्राप्त अनुदान	801.37	-
समायोजन: परियोजना कार्यान्वयन निधि से परियोजना विकास निधि में अंतरित धन राशि	(4.37)	4.37
जोड़े: 2017-18 के दौरान प्राप्त ब्याज	5.48	1.39
जोड़े: डीएमआईसीडीसी नीमराणा सोलर पॉवर कंपनी लिमिटेड द्वारा ऋण का पुनर्भुगतान	6.65	-
जोड़े: आयकर रिफंड	2.79	0.52
जोड़े: प्रतिपूर्ति के लिए प्राप्त राशि	0.27	-
कुल उपलब्ध धनराशि	**1401.76**	**87.57**
घटाए:- उपयोग की गई धनराशि	1373.40	87.55
31.03.2018 को इतिशेष	28.36	0.02

(v) हम रिपोर्ट करते हैं कि इस रिपोर्ट द्वारा देखे गए तुलन पत्र और आय एवं व्यय लेखा/प्राप्ति एवं भुगतान लेखा, लेखा बहियों के अनुसार है।

(vi) हमारे विचार और हमारी सर्वोत्तम सूचना और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार, उल्लिखित वित्तीय विवरण जिसे लेखांकन नीतियों और लेखों पर नोट के साथ पढ़ा जाए,

भारत में सामान्य रूप से स्वीकार्य लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार सत्य और उचित विचार प्रकट करते हैं;

a) अभी तक यह 31 मार्च, 2018 को नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलेपमेंट एंड इम्पलिमेंटेशन ट्रस्ट के तुलन-पत्र से संबंधित है और

b) अभी तक यह उसी तिथि पर समाप्त वर्ष के लिए आय की कमी के आय एवं व्यय लेखा से संबंधित है।

कृते

नियंत्रक एवं भारत के महालेखा परीक्षक

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 29 जनवरी, 2019

(प्राची पाण्डेय)
प्रधान निदेशक, वाणिज्यिक लेखा परीक्षा
एवं पदेन सदस्य, लेखा परीक्षा बोर्ड-I
नई दिल्ली

अनुलग्नक

(31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलेपमेंट एंड इम्पलिमेंटेशन ट्रस्ट के लेखों पर पृथक लेखा परीक्षा रिपोर्ट हेतु)

1. **आंतरिक लेखा परीक्षा प्रणाली**

   वर्ष 2017-18 के लिए आंतरिक लेखा परीक्षा एक चार्टड एकाऊंटेंसी फर्म द्वारा की गई थी।

2. **आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता**

   आंतरिक नियंत्रण प्रणाली संगठन के आकार के अनुसार है।

3. **स्थायी परिसंपत्तियों के भौतिक सत्यापन की प्रणाली**

   ट्रस्ट के पास कोई स्थायी परिसंपत्ति नहीं है।

4. **वस्तुसूची के भौतिक सत्यापन की प्रणाली**

   ट्रस्ट के पास कोई वस्तुसूची नहीं है।

5. **सांविधिक बकायों के भुगतान में नियमितता**

   सामान्य रूप से ट्रस्ट नियमित रूप से सांविधिक बकायों का भुगतान करती है।

राष्ट्रीय औद्योगिक कोरिडोर विकास एवं कार्यान्वयन न्यास
(पूर्ववर्ती डीएमआईसी परियोजना कार्यान्वयन न्यास निधि)

तुलन पत्र
31 मार्च, 2018 की स्थिति के अनुसार

(राशि - रू.)

ब्योरे	अनुसूची	2017-18	2016-17
कारपस / पूंजी निधि एवं देनदारियां			
कारपस / पूंजी निधि	1	37,26,99,54,627	30,14,76,73,164
भंडार एवं आधिक्य	-	-	-
चिन्हित/ एनडाउमेंट निधि	-	-	-
ऋण एवं उधार	-	-	-
वर्तमान देनदारियां एवं प्रावधान	2	12,67,341	2,50,250
कुल		**37,27,12,21,968**	**30,14,79,23,414**
परिसंपत्तियां			
सावधि परिसंपत्तियां	-	-	-
निवेश	3	34,73,61,72,881	23,08,59,98,000
वर्तमान परिसंपत्तियां, ऋण एवं अग्रिमें आदि	4	2,53,50,49,087	7,06,19,25,414
कुल		**37,27,12,21,968**	**30,14,79,23,414**
उल्लेखनीय लेखांकन नीतियां	8		
आकस्मिक देनदारियां एवं लेखा टिप्पणियां	9		

उपर्युक्त संदर्भित अनुसूचियां इस तुलन पत्र का अभिन्न भाग हैं।

राष्ट्रीय औद्योगिक कोरिडोर विकास एवं कार्यान्वयन न्यास के लिए एवं उनकी ओर से

हस्ता.
(अल्केश कुमार शर्मा)
मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं सदस्य सचिव

हस्ता.
(रमेश अभिषेक)
अध्यक्ष

स्थान : नई दिल्ली
